# खेल यात्रा पाठ्यपुस्तक

## चर्चा में क्यों?

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप हरियाणा ने शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता **बढ़ाने के लिये** सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 के शिक्षकों के लिये **खेल यात्रा पाठ्यपुस्तक** शुरू की है ।

## मुख्य बिंदु

- **लक्षित समूह:** यह विशेष रूप से हरियाणा के स**रकारी स्कूलों में कक्षा 6 के शिक्षकों के लिये** डिज़ाइन की गई है।
- **मुख्य उद्देश्य:** शिक्षकों को एक संरचित संसाधन उपलब्ध कराकर **शारीरिक शिक्षा को बढ़ाना,** ताकि अनौपचारिक खेलों से आगे बढ़कर पाठ्यक्रम आधारित दृष्टिकोण अपनाया जा सके।
- **मुख्य विषयवस्तु:** पुस्तक **गतिशील कौशल**, **खेल तकनीक** (विशेष रूप से **खो-खो** और **हैंडबॉल**), **योग** तथा **स्वास्थ्य जागरूकता** पर केंद्रित है।
- **क्रियान्वयन रणनीति:** शिक्षक पहले पुस्तक का अध्ययन करेंगे और फिर छात्रों के साथ पाँच संरचित गतिविधियों का संचालन करेंगे, जिससे एक मानकीकृत शिक्षण प्रक्रिया सुनिश्चित होगी।
- **व्यापक उद्देश्य: शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा** देने वाले सहायक वातावरण के निर्माण के माध्यम से **समग्र विकास** को प्रोत्साहित करना, जो **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020** में समग्र शिक्षा **के अनुरूप** है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020

- **परिचय:**
  - **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** ने 34 वर्ष पुरानी NEP (1986) को प्रतिस्थापित किया। इसका उद्देश्य सभी स्तरों पर**शिक्षा की गुणवत्ता, समानता और पहुँच में अंतराल** को कम करना है।
  - डॉ. के. कस्तूरीरंगन समिति की सिफारिशों के आधार पर, यह आधारभूत साक्षरता, **समग्र पाठ्यक्रम, बहुभाषी शिक्षा और व्यावसायिक** तथा **शैक्षणिक** मार्गों के एकीकरण को प्राथमिकता देती है।
- **मुख्य प्रावधान:**
  - **संरचनात्मक सुधार:** 10+2 प्रणाली की जगह 5+3+3+4 प्रणाली अपनाई गई, जो 3–18 वर्ष के बच्चों के लिये उपयुक्त है।
  - **अनुभवात्मक शिक्षा:** इंटर्नशिप, फील्ड विज़िट और वास्तविक विश्व परियोजनाओं को बढ़ावा देकर सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहार से जोड़ना।
  - **शिक्षक प्रशिक्षण:** शिक्षकों की उभरती शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये **सतत् व्यावसायिक विकास** पर ध्यान केंद्रित करना।.
  - **मुख्य पहलें:** पीएम श्री स्कूल, निपुण भारत, परख, निष्ठा आदि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/khel-yatra-textbook